**आकाशवाणी शिमला**

**03.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**जेपी नड्डा**

बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स का आज स्थापना दिवस है। इस मौके पर संस्थान में इस समय एक समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल कर रहे हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर भी समारोह में मौजूद हैं।

**पंचायत चुनाव**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश में पंचायती राज चुनाव इस वर्ष दिसम्बर में समय पर होंगे और अगले कुछ दिनों में आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाएगा। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी सिम्बल पर नहीं होते हैं और कांग्रेस संगठन न होने का इन चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

*मुझे उम्मीद हैं, हमारी पूरी तैयारियां हो चुकी है और उम्मीद करते हैं कि समय से ही 2025 दिसम्बर में ही चुनाव होते हैं तो उम्मीद करते हैं इस बारी भी समय से ही चुनाव होंगे। हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनाव बिना सिंबल के होते हैं। सिंबल के ऊपर थोड़ी होता है की काँग्रेस या बीजेपी या अन्य पार्टी का कोई सिंबल मिलेगा। कोई भी व्यक्ति फ्री है चुनाव लड़ने के लिए। और कोई भी चुनाव है पंचायती राज चुनाव की बात करूँगा, म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के बाद करूँगा, विधान सभा की, लोग अलग अलग तरीके से वोट डालते हैं। पंचायती राज चुनाव में भी थ्री टायर सिस्टम हैं, प्रधान है, बीडीसी और जिला परिषद हैं, वो भी लोग अलग अलग तरीके से डालते हैं तो इसमें संगठन का होना ना होना कोई फ़र्क नहीं पड़ता है।* **जीएसटी सुधार–दोपहिया वाहन व कारें**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ था, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम छोटी कारों और दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

**सांस्कृतिक संध्या**

कुल्लू में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव की धूम है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल देर शाम उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा न केवल एक उत्सव है बल्कि आस्था, एकता और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रतीक भी है।

*कुल्लू दशहरा जैसे हिमाचल को देवभूमि के रूप में माना जाता है, वो उसकी प्रसिद्धी है। वैसे ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दशहरे का एक अपना अलग महत्व होता है। विदेशों से भी लोग आते हैं, इस दशहरे के माध्यम से मैं श्री रघुनाथ जी से इस बात की प्रार्थना करूंगा कि कम सकम जो आपदा हिमाचल में आई, वह भविष्य में ना आए लेकिन साथ ही साथ मैं हिमाचल वासियों से भी इस बात को कहना चाहूंगा कि प्रकृति के साथ अपने को जोड़ने का काम करें। नदियों में अपना घर बनाने का काम न करें।*

**सेवा पखवाड़ा**

भाजपा द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत विशेष ओलम्पिक भारत चैप्टर की अध्यक्ष डॉक्टर मल्लिका नड्डा कल सोलन में दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रश्मिधर सूद ने आज सोलन में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि समारोह में ऐसे विशेष खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न खेलों में प्रदेश का नाम रोशन किया है।

*सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी एक कार्यक्रम कर रही हैं जिसमें एंजियोज के माध्यम से इस कार्यक्रम को लिया गया है (0:07) इसमें जितने भी हमारे प्रदेश स्तरीय, हमारे खिलाडी हैं (0:10) या आम हमारे दिव्यांग जन हैं जिन्होंने कोई विशेषता हासिल की है और उन्होंने कोई उत्कृष्ट कार्य किया है उनको सम्मानित किया जा रहा है कल। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मल्लिका नडड़ा जो की स्पेशल ओलम्पिक्स भारत चेप्टरकी हमारी अध्यक्षा है वो रहेंगी और इसकी कार्यक्रम की अध्यक्षता जो है डाक्टर राजीब बिंदल जी करेंगे।*

———————————————